>

Title: Need to start an express train namely Rajyarani Express from Vijyapur to Itarasi via Ruthiayee, Guna, Bina and Bhopal under Bhopal railway division.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रुठई जनपद जो कि भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत आता है, उसके आसपास कई संस्थान हैं, जिस कारण वहां से नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने की आवश्यकता है। इस गाड़ी के चलने से रेल मंडल, राष्ट्र और राज्य की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान साबित हो सकता है। रुठई रेल स्टेशन मध्य प्रदेश और राजस्थान के विभिन्न कस्बों को जोड़ने वाला प्रमुख केन्द्र है। इसके आसपास जेपी टेक्नीकल युनिवर्सिटी, मैसर्स नेशनल फर्टिलाइजर्स लि., गेल इंडिया लि. विजयपुर, मैसर्स विद्युत स्टेशन ग्राम मोतीपुरा एवम् आईओसी डोंगर विजयपुर तथा लगभग एक लाख आबादी का राघोगढ़ नगर है। रुठई जंक्शन से भोपाल मंडल मुख्यालय के लिए मात्र एक पैसेंजर ट्रेन है। भोपाल प्रदेश की राजधानी होने से भारतीय रेल रूट का प्रमुख जंक्शन है। यहां पर समस्त गाड़ियां रुकती हैं एवम् यात्रीगण हर समय यात्रा करते हैं। भोपाल रेल मंडल के प्रमुख रुठई, गुना, बीना, भोपाल, इटारसी के बीच कोई भी सीधी ट्रेन नहीं है। यह रेल खंड पूर्ण विद्युतीकृत है तथा कहीं भी इंजिन बदलने की आवश्यकता नहीं है। उक्त स्टेशनों को आपस में जोड़ते हुए एक नई एक्सप्रेस ट्रेन जनता की सुविधा हेतु चलाये जाने की सख्त आवश्यकता है।

सभापति जी, यहां माननीय रेल मंत्री जी विराजमान हैं, मेरा प्रस्ताव है कि विजयपुर से ईटारसी वाया रूठियाई, गुना, बीना तथा भोपाल होकर एक राज्यरानी नाम से एक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का कष्ट करें।